अध्याय 4

वित्तीय परिव्यय एवं परिणाम

वित्तीय परिव्यय एवं परिणाम

पिछले दो वर्षों के दौरान बजट प्रावधानों तथा व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है:–

(करोड़ रु. मे)

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	व्यय	सं.अ. के संबंध में व्यय का %
2019-20	1159.05	933.60	823.01	88.15
2020-21	882.61	627.58	433.19 (दिसम्बर, 2020 तक)	69.03

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान संशोधित अनुमान स्तर पर 933.60 करोड़ रूपये के आबंटन की तुलना में 823.01 करोड़ रूपये का उपयोग किया गया था। वित्त वर्ष 2019–20 में उपयोग न की गई राशि मुख्य रूप से केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमों की पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए अनिवार्य प्रावधान से संबंधित थी।

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान (दिसम्बर, 2020 तक), सं.अ. स्तर पर 627.28 करोड़ रु. के घटे हुए आबंटन की तुलना में 433.19 करोड़ रु. का उपयोग हुआ था।

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान आबंटन 534.88 करोड़ रु. रखा गया है। इसमें से 419.98 करोड़ रु. केंद्रीय क्षेत्र की स्कीमों के लिए आवंटित किए गए हैं तथा शेष 114.90 करोड़ रु. की राशि सचिवालय, नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी, कोयला नियंत्रक का संगठन, एवं कोयला खान भविष्य निधि संगठन के लिए आवंटित है।

कोयला पीएसयू के लिए वित्त वर्ष 2021–22 का पूंजी व्यय (सीएपीईएक्स) घटक 19246 करोड़ रुपए है जिसका प्रावधान आंतरिक तथा अतिरिक्त बजट संसाधनों (आईईबीआर) से किया जाना है। पीएसयू– वार बजट आवंटन तथा व्यय की विस्तृत रूपरेखा नीचे दी गई है:

पीएसयू का बजट आवंटन एवं व्यय

(करोड़ रु. में)

पीएसयू का नाम	2019-20			2020-21			2021-22
	ब.अ.	सं.अ.	व्यय	ब.अ.	सं.अ.	व्यय (दिसम्बर, 20 तक)	ब.अ.
सीआईएल	10000	10000	6269.65	9500	10000	7801.49	14685
एनएलसीआईएल	8271	8271	6469.62	6667	6667	2020.98	2061
एससीसीएल	1850	1850	2131.80	2300	2300	872.48	2500
कुल	20121	20121	14871.07	18467	18967	10694.95	19246

पीएसयू का बजट वितरण



वित्त वर्ष 2021–22 के लिए योजना/कार्यक्रम–वार आवंटन नीचे दिया गया हैः–

करोड़ रुपए में)

क्र. सं	स्कीम / कार्यक्रम का नाम		राजस्व
1.	सचिवालय (आर्थिक सेवाएँ)		35.74
2.	सीएमपीएफओ के प्रशासनिक प्रभारों की आंशिक प्रतिपूर्ति सहित कोयला खान पेंशन योजना, 1998 (सीएमपीएस- 98)		53.20
3.	कोयला नियंत्रक संगठन		10.28
4.	नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी		15.68
5.	अनुसंधान तथा विकास कार्यक्रम		18.00
6.	कोयला खानों में संरक्षण सुरक्षा तथा अवसंरचनात्मक विकास	कोयला खानों में संरक्षण एवं सुरक्षा	6.00
		कोलफील्ड क्षेत्रों में परिवहन अवसंरचना विकास	65.48
		पर्यावरणीय उपाय एवं धंसाव नियंत्रण	0.50
7.	अन्वेषण और विस्तृत ड्रिलिंग	कोयला एवं लिग्नाइट का क्षेत्रीय अन्वेषण	130.00
		गैर कोयला ब्लॉकों में विस्तृत अन्वेषण	200.00
8.		**कुल**	534.88